आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।
2. मध्योत्तर अंडमान जिले के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
3. प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रचार समिति अध्यक्ष ने प्रशासन से मालवाहक वाहनों के वजन प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।
4. अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से 11 सितंबर को 'रेड रन' 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। यह शिखर सम्मेलन केंद्र और राज्यों को एक साथ लाकर महत्वपूर्ण क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर विचार–विमर्श करेगा और समयबद्ध कार्य योजनाएं विकसित करेगा। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि विचार–विमर्श से शासन और सेवा वितरण में मापने योग्य सुधार हो सके।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी, ने कल नई दिल्ली में जल संरक्षण और सुरक्षा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य अंडमान निकोबार

द्वीपसमूह में टिकाऊ जल प्रबंधन के लिए एक सहयोगी रोडमैप तैयार करना था। इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने की ।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिलों के किसानों के लिए चल रहे प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन कल श्री विजयपुरम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लागत, टिकाऊ और स्थानीय कृषि स्थितियों के अनुकूल प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया और विशिष्ट अतिथि क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने किया। इस अवसर पर कृषि निदेशक ने अपने संबोधन में 'कैरेन धान' के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे हाल ही में भौगोलिक संकेतक की मान्यता मिली है और इसे 'द्वीप सुगंध पहल' के तहत भी शामिल किया गया है। पहले दिन कल किसानों को फसल उत्पादन में जैविक–इनपुटों के महत्व, निर्माण विधियों और उनके उपयोग की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मायाबंदर जोन और प्राकृतिक खेती समूहों के अंतर्गत आने वाले अन्य क्षेत्रों से कुल 42 किसान भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान ने आईलैंड फिशरीज एंड मरीन सर्विसेज स्वयं सहायता समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य नॉर्थ बे, में समुद्री मछली पिंजरा पालन का प्रदर्शन, प्रचार–प्रसार और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने समझौते के तहत सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह को अपने परिचालन के पैमाने को बढ़ाने, सेवाओं व लाभों तक पहुंच बनाने और पहल की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए एक सहकारी समिति के रूप में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। क्यारी के मात्स्यिकी विज्ञान प्रभाग के प्रमुख डॉ. एम. मुरुगानंदम ने बताया कि यह सहयोग वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञता को जमीनी स्तर के हितधारकों के अनुभव और उद्यमिता के साथ जोड़ेगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक

डॉ. किरुबाशंकर ने पिंजरा पालन के लिए उपयुक्त संभावित क्षेत्रों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रचार समिति अध्यक्ष जी. भास्कर ने प्रशासन से माईल तिलक स्थित वेब्रिज पर मालवाहक वाहनों के वजन प्रतिबंधों के सख्त प्रवर्तन पर तुरंत पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से मालवाहक वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और खराब सड़क बुनियादी ढांचे के कारण मध्योत्तर अंडमान में मालवाहक वाहनों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नियामक उपायों को लागू करते समय वाहन चालकों की आजीविका और आम जनता पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखा जाना चाहिए। श्री भास्कर ने मुख्य सचिव से संबंधित प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ बैठक कर इस संबंध में समाधान निकालने का भी अनुरोध किया।

<><><><><><>

प्रातरापुर और फरारगंज ब्लॉक में यूटी आत्मा के तहत छोलदारी में "मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने, मधुमक्खी कॉलोनियों के स्थानांतरण, बी–बॉक्स प्रबंधन, शहद निष्कर्षण और विपणन" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत प्रधान दुर्लभ दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, कृषि सहायक निदेशक ने किसानों के लिए एक अतिरिक्त आय उत्पन्न करने वाली गतिविधि के रूप में मधुमक्खी पालन के महत्व और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषक मित्रों की क्षमता का निर्माण करना था, ताकि वे संसाधन व्यक्तियों के रूप में गांवों के अन्य किसानों को मधुमक्खी पालन के तकनीकों के बारे में जानकारी दे सके। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से लोगों के बीच एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 11 सितंबर को 'रेड रन' 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह रेड रन पुरुष और महिला श्रेणियों में 17 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। यह दौड़ अंडमान क्लब से शुरू होकर गर्ल्स स्कूल, फ्लैग प्वाइंट, मजार से होते हुए उसी मार्ग से वापस अंडमान क्लब पर समाप्त होगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 9 सितंबर तक खुला रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म लिंक या क्यूआर कोड को स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। जो लोग ऑनलाइन पंजीकरण करने में असमर्थ हैं, वे मौके पर पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों से सुबह साढ़े पांच बजे तक नेताजी स्टेडियम में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी के जल संरक्षण एवं सुरक्षा पर विभागीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने जी बी पंत अस्पताल में दुर्लभ बॉम्बे रक्त समूह की पहचान होने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने समाज कल्याण विभाग की ओर से शहीद और स्वराज द्वीप में दिव्यांगजनों के लिए यू डी आई डी पर जागरूकता–सह–पंजीकरण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने आर्मी अधिकारियों द्वारा डीब्रेट में राष्ट्र निर्माण और जिम्मेदार नागरिकता विषय पर जागरूकता सत्र, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने सांसद द्वारा नयागांव का दौरा कर स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>